

एक निःशुल्क कहानी।

बेन द्वारा प्रस्तुत कहानी और चित्र।
अनुवाद: भव्य याजुष अवस्थी


अन्य कहानियाँ ढूँढें और
www.graineahumus.org पर भाग लें।




# पापा की स्कर्ट




पापा के पास
एक सुंदर स्कर्ट
है!




जापान के किमोनो
की तरह नहीं।




स्कॉटलैंड की
किल्ट की तरह भी
नहीं,




उत्तरी अफ़्रीका के जेल्लाबा की तरह भी नहीं।




भारत की शेरवानी की
तरह भी नहीं।




और मध्यपूर्व, माघ्रेब व मध्य एशिया के कफ़्तान की तरह भी नहीं।




अफ़गानिस्तान के पैराहान टुनबन की तरह भी नहीं !




यह पापा की एक
सुंदर स्कर्ट ही है।




वह कहते हैं की महिलाओं को पैंट पहनने में बहुत दिक्कत हुई थी।



वैसे ही पुरुष भी स्कर्ट पहन सकते हैं!



यह बहुत नरम और
आरामदायक है।



और सबसे अच्छी बात, यह एक सुंदर स्कर्ट है !